ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पुरनापुर में पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, महिला को लगी गोली

## संघर्ष के बाद भी कार्रवाई को नहीं पहुंची पुलिस, बिथरी में हो गई वारदात

- एसएसपी ने अस्पताल पहुंचकर महिला के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार:** पुरनापुर गांव में शनिवार को दो पक्षों के बीच हुआ मामूली विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान चली गोली से एक विधवा महिला घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

पुरनापुर निवासी शिव देवी के अनुसार, वह शनिवार को दूध लेने गई थीं। इसी दौरान गांव के अमित, सुमित और कुनाल ने उनके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी उनके घर तक पहुंच गए और घर में घुसकर मारपीट की। घटना के बाद पुलिस ने शिव देवी की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।


अस्पताल में भर्ती गोली लगने से घायल गीता • अमृत विचार

वहीं दूसरे पक्ष की राखी रानी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि करीब आठ महीने पहले गांव के ही पुष्पेंद्र उनकी बेटी को अपने साथ ले गया था, जिसके बाद से दोनों परिवारों के बीच तनाव बना हुआ है। राखी रानी का आरोप है कि शनिवार को शेर सिंह, विनोद और पुष्पेंद्र उनके घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। इस मामले में भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

रविवार को विवाद ने और गंभीर रूप ले लिया। शिव देवी के पुत्र विनोद ने बताया कि सुबह वह खेत से लौट रहे थे, तभी अमित, सुमित और निरंजन ने उन्हें घेरकर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह वह वहां से भागे, तभी आरोपियों ने उन पर फायर कर दिया। विनोद ने खुद को बचा लिया, लेकिन गोली पास में खड़ी गीता नाम की महिला के माथे को छूती हुई निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### पुलिस की शिथिलता, हो जाती बड़ी घटना

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। शनिवार को दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज होने के बावजूद पुलिस गांव में निगरानी के लिए नहीं पहुंची, जिससे आरोपियों के हौसले बढ़ गए। संवेदनशील स्थिति के बावजूद समय पर कार्रवाई न होने से मामला और भड़क गया।

### 8 महीने पहले से चल रही थी रंजिश

बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले आठ महीने से रंजिश चल रही थी, जो एक प्रेम प्रसंग और बाद में हुई शादी के कारण शुरू हुई थी। इसी पुरानी दुश्मनी ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

> तहरीर के आधार पर तीन नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है। शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगें।
> **मुकेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक उत्तरी**

> शनिवार शाम को ही थाने का चार्ज लिया। जिस कारण शनिवार को पुलिस गाँव गयी या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **राजेश बाबू मिश्रा, थानाध्यक्ष बिथरी**

# ग्राम समाज की मिट्टी से निजी प्लाट में पटान

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** नगर पंचायत शीशगढ़ के वार्ड नंबर 9 के भाजपा सभासद उज्जैर अहमद ने चेयरमैन नीलोफर और उनके पति जाहिद हुसैन उर्फ हाजी गुड्डू पर सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।

शिकायत पत्र में आरोप है कि गिरधरपुर स्थित ग्राम पंचायत की खलियान भूमि (गाटा संख्या 1366) से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराया गया। इस मिट्टी का उपयोग एक रिश्तेदार के निजी प्लॉट को भरने और वहां स्टेडियम बनाने में किया गया। आरोप है कि इस कार्य में नगर पंचायत के ट्रैक्टर, जेसीबी मशीन, कर्मचारी और अन्य सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल हुआ, जिससे सरकार को करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ। सभासद ने यह भी कहा कि 4 अप्रैल को इसी स्टेडियम में हाजी रियासत हुसैन मेमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट कराया जा रहा है, जिसे उन्होंने अवैध बताया है।


नगर पंचायत के वाहन से मिट्टी गिराते मजदूर। • अमृत विचार

- शीशगढ़ चेयरमैन पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप
- वार्ड नौ के भाजपा सभासद ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत
- एसडीएम ने कहा शिकायत मिलने पर समिति से कराएंगे जांच

उज्जैर अहमद ने गूगल जीपीएस आधारित तस्वीरें भी साक्ष्य के रूप में संलग्न की हैं। इस संबध में अधिशासी अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका। चेयरमैन पति ने आरोपों से अनभिज्ञता जताई, जबकि एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने पर समिति बनाकर जांच कराई जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शुक्रवार को हाइवे के रहपुरा अंडरपास पर हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना मीरगंज के गांव हुरहुरी निवासी ललित सक्सेना (38) रेलवे में प्राइवेट तौर पर नौकरी करते थे। वह शुक्रवार शाम को ड्यूटी खत्म करके टेम्पों से घर लौट रहे थे। जैसे ही टेंपो रहपुरा अंडरपास के पास पहुंचा पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बस की टक्कर से टेंपो पलट गया। हादसे में ललित घायल और थाना मीरगंज के गांव मनकरा निवासी चेतराम ओवर ब्रिज से नीचे गिरकर चोटिल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भेजा गया। जहां रविवार को इलाज के दौरान ललित सक्सेना की मौत हो गई। सूचना पर उनके घर में कोहराम मच गया। ललित के घर में पत्नी व एक बेटा बेटी है।

# खनन करते जेसीबी व दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शनिवार देर रात पुलिस ने अवैध खनन करते एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। छापामारी कार्यवाही के दौरान जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने इन वाहनों को थाना पर खड़ा कर लिया है। राजस्व टीम को बुलाकर कार्यवाही करने की बात पुलिस कह रही है।

शनिवार देर रात एसएसआई अशोक कुमार ने गांव केशोपुर के जंगल में अवैध रूप से खनन कर रहे कर रही एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर जब्त करके थाना पर खड़े करा लिए। पुलिस टीम को देखकर लोग फरार हो गये। कार्यवाही करने के लिए पुलिस ने राजस्व टीम को बुलाया है।

### नवाबगंज में ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

नवाबगंज : एसडीएम उदित पवार के निर्देश पर राजस्व टीम ने कार्रवाई करते हुए खनन कर ले जाई जा रही एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही एसडीएम ने तत्काल टीम को मौके पर भेजा। राजस्व कर्मियों ने ग्राम ईंधजागीर में दबिश देकर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# लड़की को फुसला कर ले जाने का आरोप, केस दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोहल्ला कानूनगोयन की एक युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। दो युवकों को इस मामले में आरोपित करते हुए उनके खिलाफ तहरीर दी गई है। लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को खतौला गांव का यवक करन बहला फुसलाकर ले गया है। महिला ने नितेश नाम के दूसरे युवक पर करन को इस काम में सहयोग देने का आरोप भी लगाया है। महिला का कहना है कि नितेश ने उसके बाद फोन पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवती ने फंदा लगाकर दे दी जान

संवाददाता, सिरौली

- सिरौली के केसरपुर गांव में हुई घटना, परिवार में कोहराम
- 7 भाई बहनों में बड़ी थी साइस्ता, परिवार को थीं उम्मीदें
- आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है

**अमृत विचार :** थाना सिरौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केसरपुर में रविवार शाम युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केसरपुर निवासी एहसान बेग की 23 वर्षीय पुत्री साईस्ता ने रविवार शाम करीब 4 बजे घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब साईस्ता का शव फंदे से लटका देखा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिवार के लोग भी नहीं समझ पाए अचानक यह कदम क्यों उठाया है। आनन-फानन में शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। साईस्ता सात भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी, जिस कारण पूरे परिवार की उम्मीदें उससे जुड़ी हुई थीं। उसकी अचानक मौत से घर की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

युवती ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों और परिजनों के बीच इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि बिना जांच के कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद होने की सूचना भी नहीं मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही सिरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

थाना प्रभारी सिरौली, विनोद सिंह ने बताया मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# बाइक से गिरकर महिला घायल अस्पताल में मौत

**फरीदपुर अमृत विचार :** रविवार को सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रुकसाना पत्नी सुबहानी निवासी खनपुरा तिलहर शाहजहांपुर से अपने पोते शान मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद अपने घर से फरीदपुर में ग्राम नौगवां में शादी में आ रही थी उनके पोते शान मोहम्मद के बताये अनुसार रास्ते में टिसुआ ओवर ब्रिज पर अचानक मोटरसाईकिल से गिर गयी जिससे रुकसाना को एम्बुलेंस से सीएचसी फरीदपुर उपचार हेतु ले जाया गया था और वहां पर रुकसाना की मृत घोषित कर दिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# आवारा सांड़ों से राहगीर- किसान परेशान

- भदपुरा क्षेत्र में पशुशालाएं बेअसर, पशु छुट्टा घूम रहे

संवाददाता, भदपुरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में आवारा सांड और पशु अब लोगों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। सड़क पर घूमते सांड आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। इससे महिलाओं और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। शाम होते ही पशुओं के झुंड सड़कों पर बैठकर यातायात बाधित कर देते हैं।

सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में पशुशालाएं बनाकर आवारा पशुओं को रखने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान में प्रधानों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। बहरजागीर, मेथी, नकटी नारायणपुर समेत कई गांवों में हालात बदतर हैं।


भदपुरा में सड़क पर घूमते आवारा पशु • अमृत विचार

ग्रामीण प्रमोद कश्यप, भुवनेश गंगवार, प्रेमपाल कश्यप, वेदपाल गंगवार और मनोज कुमार ने बताया कि नबावगंज-बरखेड़ा रोड पर शाम के समय पशुओं का जमावड़ा लग जाता है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। कई बार बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। वहीं, किसान भी फसलों के नुकसान से परेशान हैं। नकटी नारायणपुर बाजार की टीन शेड में भी पशुओं का कब्जा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार :** रविवार सुबह राधा-कृष्ण मंदिर कट के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को अस्पताल भेज दिया। जहां चालक अनिल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

गांव रहपुरा जागीर निवासी अनिल बरेली के गिरधरपुर में रहकर चांट का ठेला लगाता है। रविवार को वह रिश्तेदार के साथ बाइक से गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था। राधा-कृष्ण मंदिर कट के पास हाईवे पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अनिल घायल हो गया।

# टूटी सड़क पर दौड़े युवा, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता, राजपुर कलां

**अमृत विचार :** सरकार गांवों के विकास और युवाओं के लिए काफी प्रयास कर रही है लेकिन इसका असर गांवों तक नहीं पहुंच रहा है। गांवों की सड़कें अब भी टूटी हैं। रविवार को हुई महाराणा प्रताप स्मृति दौड़ में धावक जब टूटी सड़कों पर दौड़े तो मौजूद जनता ने सरकार की कथनी और करनी के अंतर पर चर्चा की। मझगवां ब्लाक के हाफिजगंज गांव में हुई विशाल दौड़ का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व एसडीएम विदुषी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

प्रतियोगिता के दौरान हाफिजगंज की जर्जर सड़कों पर धावकों ने दौड़कर अपने जुनून का परिचय दिया। मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीनियर वर्ग में 200 मीट में मौजिस खान ने प्रथम, विवेक चौहान ने द्वितीय और प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में मो. जैश प्रथम, मो.जुनैद खान द्वितीय और सौरभ कृष्णा तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में विवेक चौहान ने बाजी मारी, जबकि महेश और सचिन क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 1600 मीटर में लंबी दूरी की इस दौड़ में सुनील राजपूत प्रथम, दिनेश मौर्य द्वितीय और कृष्णा तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में 400 मीटर में शिवकुमार प्रथम, सचिन द्वितीय और गोलू यादव ने तृतीय स्थान पाया। 800 मीटर में अनिकेत लोधी प्रथम, शिवकुमार द्वितीय, शिवम यादव तीसरे स्थान पर रहे। दौड़ प्रतियोगिता में आंवला, बिशारत गंज, जलालनगर, बीबनी, पिपरिया उपराला, राजपुरकलां, भजनई, गुलड़िया, हाफिजगंज, भूड़ा अनिरुद्धपुर, आदि कई गांव के युवा धावको ने भाग लिया


राजपुर कलां में हुई दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाते मंत्री धर्मपाल सिंह

- महाराणा प्रताप की स्मृति में हुई प्रतियोगिता में दौड़े युवा
- पूर्व प्रमुख ने सड़क और स्टेडियम बनवाने की मांग की

मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. जीराज यादव ने ग्रामीण प्रतिभाओं की सराहना की। कहा कि संसाधनों के अभाव में भी ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में उत्साह है। जिस सड़क पर युवा दौड़े हैं। सरकार को उसे बनवाने की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में एक खेल स्टेडियम बनाए जाने की मांग की। कार्यक्रम में पीयूष वर्मा, कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह यादव, विश्वास लोधी, सुनील कुमार लोधी, कश्मीर सिंह यादव, और गेंदन सिंह यादव आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता धावकों को मेडल, शील्ड और पटका देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन अनिकेत भदौरिया, हरीश चौहान, निर्मेश चौहान, रोहित वर्मा, मुकेश, सुशील, प्रशांत, निशांत, लकी चौहान द्वारा किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र परवेज व पुत्रवधु तरन्नुम बी एवं पौत्र मोहम्मद हादी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **निसार अली शाह पुत्र सब्जे अली शाह व मोबीन बेगम पत्नी निसार अली शाह निवासीगण 92-क, अटरिया पोस्ट सी.बी. गंज, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10 की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 1220735916 वर्ष 2022 खो गया है। कु. रिफा बी पुत्री अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला लोधी पुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकुल कुमार गुप्ता को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र प्रभुदयाल गुप्ता निवासी ग्राम व पो. बेलराया कोतवाली तिकुनिया तहसील निघासन जिला लखीमपुर खीरी।**

FACULTY
Required for
B.Ed., BBA
BA(Drawing)
M.Sc. (Home Sc.)
Librarian, Helping Staff
Qual. & Exp. as per Govt/ University norms.
Apply within 15 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्ग पर सड़क दुर्घटना में मां बेटे गंभीर से घायल

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के जमुनिया खाता–धौंराटांडा मार्ग पर ट्रक के आगे चल रहे बाईक सवार मां– बेटे रोड पर फिसलकर गिर गए। वहीं पीछे से आ रहा ट्रक यूपी 27 बीटी 25 10 ड्राइवर ने बचाने का पूरा प्रयास किया कोशिश करने के बाद भी नहीं बचा पाया जिससे मां – बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिनके पैरों में भारी चोटे आई हैं ।

### नगदी लेकर भागे बदमाश विरोध पर दो भाई घायल

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में बदमाशों ने मोबाइल शॉप से 50 हजार रुपये चोरी करने के बाद विरोध करने पर दो भाइयों पर हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। रौसर कोठी संवाददाता के अनुसार संजीव कुमार पुत्र मदनलाल, उनके भाई अभिषेक और पिता मदनलाल 4 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे हरदोई बाईपास चौराहे के पास स्थित कनौजिया मोबाइल शॉप पर बैठे थे। कुछ अज्ञात युवक मोबाइल ठीक कराने के बहाने आए ।

# विधायक निधि से बन रहे बारात घर की बाउंड्री वॉल का काम रुकवाया

## विवाद हुआ, पहुंची पुलिस ने शांति कायम करने के लिए काम रोकने को कहा

संवाददाता, सिरौली



सिरौली में मोके पर एकत्र हुई भीड़ को समझाते पुलिस कर्मी ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिवपुरी गांव में विधायक निधि से निर्मित सार्वजनिक बारात घर की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य मालिकाना हक के विवाद के चलते रुक गया है। रविवार को निर्माण कार्य के दौरान हुए हंगामे के बाद राजस्व निरीक्षक और हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की। मामला बढ़ते देख पुलिस ने शांति कायम करने के लिए फिलहाल काम रुकवा दिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, शिवपुरी गांव में राजा केहरी सिंह के पुराने खंडहरनुमा मकान की भूमि को ग्राम प्रधान द्वारा सर्वसम्मति से सार्वजनिक भूमि घोषित करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया था। इसी प्रस्ताव के आधार पर वर्ष 2014-15 में विधायक निधि से यहां सार्वजनिक बारात घर का निर्माण कराया गया था, जहां वर्तमान में सभी सामुदायिक कार्यक्रम संपन्न होते हैं। हाल ही में विधायक निधि से इस बारात घर की बाउंड्री वॉल के लिए धनराशि स्वीकृत हुई थी। जब ठेकेदार ने नींव की खुदाई शुरू की, तो गांव के ही श्याम सुंदर और शशि शर्मा ने इसे अपनी भूमि बताते हुए काम रुकवा दिया। देखते ही देखते मौके पर 250-300 लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और फिलहाल काम बंद करवा दिया।

राजस्व निरीक्षक रामसरन गंगवार और लेखपाल ने जब विरोध पक्ष से दस्तावेज मांगे, तो उन्होंने जुडिशल मजिस्ट्रेट आंवला का एक एकपक्षीय आदेश दिखाया। दावा कर्ता श्याम सुंदर शर्मा का कहना है कि 1965 में सिपट्टर सिंह और जुगल सिंह आदि ने यह जमीन उन्हें दान में दी थी, जहाँ कभी उनकी चक्की भी चलती थी। इस दावे पर गांव के जय सिंह (सिपट्टर सिंह के पुत्र) ने आपत्ति जताते हुए कहा कि राजा केहरी सिंह कठेरिया राजा थे और वे लोग चौहान हैं, यहां उनकी कोई पैतृक भूमि नहीं है। पूर्व प्रधान पति सीताराम शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी के कार्यकाल में ही इस जगह को बारात घर के लिए प्रस्तावित किया गया था।

प्रधान पुत्र आनंद मौर्य ने कहा कि यह जगह दशकों से सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग हो रही है और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल अत्यंत आवश्यक है। राजस्व निरीक्षक रामसरन गंगवार ने बताया कि मौके का मुआयना और पैमाइश कर ली गई है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## 40 दिन बाद भी बेटे कीहत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं

**भुता , अमृत विचार:** क्षेत्र में लगभग 40 दिन पूर्व पुत्र की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने को एक पिता न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। मृतक के परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दफ्तर पहुंचकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के ग्राम रिछा निवासी रामवीर सिंह का पुत्र परमजीत भुता में डॉ एस के साहू के क्लीनिक पर रहता था । 21 फरवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने परमजीत के फोन पर कॉल करके बुलाया था। कुछ समय बाद परमजीत ने घर पर फोन कर के बताया कि वह बरेली में है और शाम तक लौट आएगा। जब वह सुबह तक घर पर नहीं लौटा तभी मृतक परमजीत के पिता रामवीर ने 22 फरवरी को थाना भुता में गुमशुदी दर्ज कराई थी। उसके बाद पुत्र का शव थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम रुकुमपुर स्थित रेलवे फाटक के पास बरामद हुआ था। रामवीर सिंह अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा की गई हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। इधर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया की बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

## जनता का पैसा–जनता की जेब से

**बहेड़ी की डायरी/शुएब**

चुंगी, यही तो अपनी मुंसिपलिटी को कहा जाता था.चुंगी वालों की इतनी दहशत हुआ करती थी,कि चुंगी वालों के नाम से लोगों के ठंड में पसीना छूट जाता। कहीं से भी कोई सामान लेकर आने वालों की निगरानी,चुंगी वाले ऐसे करते,जैसे मरे जानवर पर गिद्ध नज़र रखता है। चुंगी वालों से आंख बचाकर कोई निकल गया,तो घर-दुकान तक आ धमकते। फिर चुंगी भी लेते, जुर्माना वसूलते ऊपर से।

चुंगी का सिस्टम खत्म हुआ,मगर रिवायत मिटना आसान नहीं होता। वसूली, अब जनता से नहीं होती, मगर पैसा तो लौट फेर कर जनता का ही ठहरा। अब खेल इन डाइरेक्ट है। जनता का काम जिससे कराया जाए,वसूली उसी से करने का तरीका ईजाद कर लिया गया है। सांप भी मर जाए, और लाठी भी सलामत रहे। जनता का पैसा जनता की जेब से वाया ठेकेदार। जनता को जेब ढीली नहीं करनी पड़ी, सो उसे काहे का ग़म। ठेकेदार को तो अपने नुके नुकाए मिलने है। परसेंटेज जो भी तय हो, उसकी बला से। यानि सब खुश- सब मगन।

### फेसबुक पर ही सही भड़ास तो निकाल ही ली

सत्तारूढ़ जमात में इन दिनों हलचल है। हलचल जमात के ज़िम्मेदारों की लिस्ट आने के बाद से शुरू हुई है। कुछ लोगों को उनके पद से हटा दिया गया, या यह कहें कि हटवा दिया गया। है तो तकलीफ की बात। पद, छोटा हो या बड़ा। पद, पद होता है। पद की वैल्यू होती है। बस यही वैल्यू दिलजलों को रास नहीं आती।दूसरे को रुसवा करना चाहते हैं। सत्ता की बात कह लो। ऐसे में पार्टी के अनुशासन का तो ज़्यादा ख्याल रखना पड़ता है,वरना बगावत का झंडा उठाना किसे नहीं आता। खैर इतने भी मरे–टरे नहीं। फेसबुक पर तो अपना दर्द बयान किया ही जा सकता है। सो कर दिया। सीधे नहीं,घुमा फिराकर ही सही। समझने वाले समझ गए। एक नेता जी ने तो इती बात साफ कर दी। टिकट लेने में ज़ोर पूरे होंगे। पार्टी एक ही सही टीम तो दो तीन हैं। एक टीम पकड़ ली है, और फील्डिंग सजाना शुरू भी कर दी है। टिकट गुपचने में अनाड़ी हैं, यह मुगालता कोई न पाले।

### और चलते -चलते

गन्ने के पेमेंट का मुद्दा लेकर समाधान दिवस में पहुंचे किसानों को देखकर एक अफसर बुद्बुदाए ये भी समाधान दिवस की परमानेंट फीगर बन गए हैं।

# गैस एजेंसी की जांच को पहुंचे एआरओ

संवाददाता,शेरगढ़



गैस एजेंसी संचालक कक्ष में पूछताछ करते एआरओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बा स्थित शिवम गैस एजेंसी पर लगातार मिल रही शिकायतों की जांच करने के लिए रविवार को एआरओ एजेंसी पर पहुंचे उन्होंने स्टाक चेक किया और उपभोक्ताओं से बातचीत की। समस्या को हल कराया। एजेंसी मालिक ने भी उन्हें सभी अभिलेख उपलब्ध करा दिये हैं।

शेरगढ़ में शिवम गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर नहीं मिलने और अनियमितता होने की शिकायत आईजीआरएस पर की थीं। इन शिकायतों की जांच के लिए रविवार को एआरओ राजेश कुमार एजेंसी पर पहुंचे। वहां उपभोक्तओं की काफी भीड़ लगी थी।

इस दौरान कई उपभोक्ताओं ने भी अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। मौके पर भाजपा नेता राघवेंद्र पाठक भी उपभोक्ताओं के साथ पहुंचे और एजेंसी पर धांधली के आरोप लगाए। एजेंसी पर भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। गैस सिलेंडर पाने को एजेंसी पर रविवार को मारामारी रही। इस दौरान उपभोक्ता काफी देर तक एआरओ राजेश कुमार से गैस सिलेंडर को लेकर वार्ता करते रहे। उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर नहीं मिलने के चलते नाराजगी जताई। एजेंसी संचालक बबीता सक्सेना ने बताया कि जांच अधिकारी ने जो अभिलेख मांगे उन्हें उपलब्ध करा दिये हैं। एजेंसी में मानक के अनुरुप ही काम किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने जो वाजिब समस्या बताई उसे तुरंत हल कर दिया गया है।

- उपभोक्ताओं की समस्या को हल किया, अभिलेख ले गये

## आईएएस बनकर मेडिकल संचालक से सवा लाख ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** साइबर ठगी की वारदातें थम नहीं रहीं है। सिंधौली क्षेत्र में ठगों ने स्वयं को आईएएस अधिकारी बताकर एक मेडिकल संचालक से 01 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने सिंधौली थाने पर सूचना दी है।

सिंधौली क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी रामकुशल का मेडिकल स्टोर है। रविवार की सुबह 09 बजे उसके फेसबुक पर आईएएस अजीत वर्मा के नाम से एक मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को पड़ोसी गांव अख्तियारपुर का बताया। अधिकारियों का तबादला हुआ उनके घरेलू सामान को सस्ते दामों में बेचा जा रहा है। ठग ने उसे विश्वास में लेने के लिए छोटी रकम भेजने को कहा। रामकुशल ठगों के झांसे में आ गया और रुपये भेज दिए।

# आंवला में महर्षि कश्यप जयंती पर निकली शोभा यात्रा



महर्षि कश्यप जयंती पर मौजूद कैबिनेट मंत्री। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** नगर में दो स्थानों से रविवार को दोपहर महर्षि कश्यप जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने महर्षि कश्यप के फोटो पर पुष्प अर्पित किए और हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया।

कार्यक्रम में चेयरमैन सय्यद आबिद अली पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री ने इस यात्रा को समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक बताया। मंत्री ने समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्य धारा में आगे बढ़ने के लिए व्यापार शिक्षा और अपनी संस्कृति को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपने ऋषि मुनियों के सम्मान और गौरव को बढ़ाना भी जरूरी है।

इस दौरान राकेश कश्यप, सुखलाल कश्यप, भोला कश्यप, अनिल कश्यप, गोपाल कश्यप, रामवीर प्रजापति, संजय अग्रवाल, योगेश सिंह, रामदीन सागर, सूरज कश्यप, सुंदर प्रकाश कश्यप, गोपेश कश्यप, होरीलाल कश्यप, धर्मपाल सिंह, चेयरमैन सय्यद आबिद अली, ब्लॉक प्रमुख मझगवां यशवंत सिंह, नेमचंद राणा एडवोकेट ,पूर्व ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, प्रभाकर शर्मा, सभासद रजत राज प्रेमी आदि मौजूद रहे ।

### शोभायात्रा का मझगवां में हुआ भव्य स्वागत



**अलीगंज, अमृत विचार :** ग्राम मझगवां में महर्षि कश्यप जयंती पर विशाल रैली एवं भव्य शोभायात्रा के मझगवां पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। कश्यप परिवार के कार्यकर्ताओ ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा का स्वागत किया। रैली में रोहित कश्यप, भजन लाल कश्यप, धनंजय कश्यप, गगन कश्यप, शिव कुमार कश्यप, मोहित कश्यप,लेखा कश्यप, झाजन लाल, भगवान स्वरूप, अजय कश्यप समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कृष्णपाल कश्यप, सुखलाल कश्यप, राज कश्यप, राकेश कश्यप रवि कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जयघोष और भक्ति गीतो से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जगह जगह लोगो ने यात्रा का स्वागत कर महर्षि कश्यप के आदर्शो को याद किया।

# अभिभावकों ने किया ऐलान, बच्चों को नहीं भेजेंगे स्कूल

संवाददाता, फरीदपुर



इस खतरे वाले रास्ते से बच्चों को स्कूल भेजने से ग्रामीणों ने मना कर दिया।

**,अमृत विचार :** रास्ता सुलभ और सुगम न होने की वजह से मझौआ हेतराम के बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। अब दलपुरा जूनियर हाईस्कूल में पढ़ने के लिए बच्चों का एडमिशन कराने से अभिभावकों ने मना कर दिया है। इसका कारण स्कूल जाने का मार्ग खतरा से भरा है। यहां बिना बरसात के सड़क पर कीचड़ होने से बच्चे गिरकर चोटिल होते हैं। ग्रामीणों ने ऐलान किया है कि वह नए सत्र में बच्चों का एडमिशन भी स्कूल में नहीं कराएंगे। एसडीएम ने बताया कि गांव की सड़क खराब है और इसकी लिखित जानकारी प्रधान ने नहीं दी और न कोई ग्रामीण यह बताने आया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिन बरसात में सड़क पर कीचड़ और दलदल से निकलते थे। जनता भी इस मार्ग से निकलती है। ब्लॉक भुता (कुआँडाडा) के गांव मझौआ हेतराम जोकि भुता फरीदपुर मार्ग से जुड़े दलपुरा,इमलिया सहोडा अन्य गांवों को जाने रास्ते पर इस कदर कीचड़ भरी हुई है कि रास्ता निकलना दूभर है।इससे आजिज आकर गांव के लोगों ने दलपुरा गांव में जूनियर हाईस्कूल पढने जाने वाले अपने बच्चों को स्कूल जाने से रोक लिया है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि अब दलपुरा स्कूल में पढ़ने जाने वाले छात्रों को वह स्कूल नहीं भेजेंगे। क्योंकि बच्चों को स्कूल भेजना खतरे से खाली नहीं है कीचड़ में गिरते हुए कभी भी कोई हादसे का शिकार हो सकता हैं। ग्रामीणो ने बताया कि उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी और जिला गन्ना अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र फरवरी माह में दिए लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित दलपुरा इमलिया की तरफ जाने वाली सड़क के दोनों तरफ बने दर्जनों मकानों के पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से घरों का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे सड़क पर वाहनों की आने जाने से दलदल कीचड़ हो गई है जहां आए दिन लोग गिर कर घायल होते हैं लेकिन विभाग तो दूर कोई जनप्रतिनिधि भी इस तरफ ध्यान नही दे रहा है।

दलपुरा जूनियर हाईस्कूल की प्रधानाचार्य उर्मिला चौधरी बताती हैं कि दलपुरा गाव में दो विद्यालय हैं। यहां के आधे बच्चे नही जाते है। स्कूल तक जाने के लिए हम भी परेशान हो जाते है या दूसरे गांव से घूम कर आते है। मझौआ हेतराम गांव के काफी लोगों ने अपने बच्चो को स्कूल जाने से रोक लिया है। उनके परिजनों का कहना है रास्ता खराब है बच्चों की जान जोखिम में नही डाल सकते । ग्राम प्रधान पति अब्दुल हमीद खां कहते हैं कि यह मार्ग उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। पूर्व में इसका निर्माण गन्ना परिषद विभाग द्वारा करवाया गया था ।

- अफसर और जनप्रतिनिधि सड़क बनवाने की तरफ नहीं दे रहे हैं ध्यान, जनता है परेशान

> मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नही है। मुझसे कोई लोग मिले भी नही, न प्रधान द्वारा बताया गया। फिर भी सम्बन्धित विभाग और बीडीओ से बात कर दिखवाते है।
> –माल्लिका नैन, एसडीएम फरीदपुर

# लिंक खोलते ही खाते से कट गये 11.90 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किला निवासी व्यापारी हुआ साइबर ठगी का शिकार
- साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर रकम होल्ड कराई

**अमृत विचार :** किला निवासी व्यापारी साइबर ठगी का शिकार हो गया। गैस कनेक्शन बिल भुगतान की बात कहकर साइबर ठगों ने लिंक भेजा। लिंक खोलते ही उसका फोन हैक हो गया। छह बार में खाते से करीब 11.90 लाख लाख रुपये कट गए। साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खाते से निकाली गई रकम को होल्ड करा दिया है।

किला थाना क्षेत्र के सिटी स्टेशन माल गोदाम रोड निवासी सौरभ शर्मा ने बताया कि उसकी मोहन इंफा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म है। जिसका सिविल लाइंस की आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। फर्म के वह और उनके भाई गौरव शर्मा डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को उनके भाई गौरव शर्मा के वाट्सएप पर एक मैसेज आया। जिसमें इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा गैस कनेक्शन के बिल के भुगतान कराने के लिए कहा गया। मैसेज में हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के लिए बताया गया। कॉल करने पर बिल भुगतान के लिए एक लिंक भेजा गया।

### आधार में मोबाइल नंबर बदलकर उड़ाए बीस हजार

**मीरगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के जरिए एक ग्रामीण के बैंक खाते से दो बार में 20 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच और रकम वापसी की मांग की है। ग्राम सिधौली निवासी पंकज कुमार गंगवार का खाता एसबीआई की मीरगंज शाखा में है। उनके खाते से दो अलग–अलग तारीखों में कुल 20,000 रुपये अवैध रूप से निकाले गए। उनके आधार में मोबाइल नंबर भी साइबर ठगो ने बदल दिया। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके आधार कार्ड से छेड़छाड़ कर अपना मोबाइल नंबर 9279178369 लिंक कर लिया और रकम निकाली।खाते से रकम कटने की जानकारी मिलने के बाद पंकज कुमार ने तुरंत बैंक शाखा से संपर्क किया। बैंक अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मीरगंज पुलिस को लिखित शिकायत दी।

## मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र डाउनलोड कराए



आनलाइन प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक सभागार में कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत सुशासन में एआई नैतिकता पर आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान एडीओ पंचायत राजीव शर्मा ने प्रशिक्षण में शामिल पंचायत सहायक,पंचायत सचिव तथा सफाई कर्मचारियों को मिशन कर्म योगी साधना सप्ताह से संबंधित प्रेरक जानकारी दी। इस दौरान योग,स्वास्थ्य,खेल, एआई,स्वच्छता ही सेवा है,योग की उपयोगिता,सूर्य नमस्कार,साइबर शील्ड तथा ऑनलाइन गेम जैसी विभिन्न वीडियो दिखाकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न वीडियो के माध्यम से जागरूक कर सर्टिफिकेट डाउनलोड कराए। कार्यक्रम में पंचायत सचिव श्रीकृष्ण,विकास गंगवार,सुनील कुमार मौर्य, प्रेम प्रकाश शर्मा,धर्मेंद्र कुमार मौर्य,प्रताप गंगवार,नत्थूलाल,रामौतार,छत्रपाल,भानु प्रताप,पप्पू,रामप्यारी,रीता आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# वकीलों ने मंत्री जितिन से की फुटओवर ब्रिज और कोर्ट भवन की मांग

संवाददाता, बहेड़ी।

- कोर्ट भवन के लिए ज़मीन का अधिग्रहण जल्द कराने की मांग
- बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग
- इज़्ज़तनगर और बहेड़ी के बीच रेल बस चलवाने की मांग



दिल्ली में जितिन प्रसाद से मिलते बहेड़ी बार एसोसिएशन के सदस्य ।

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन ने केंद्रीय राज्य मंत्री से सिविल कोर्ट की इमारत के लिए भूमि अधिग्रहण करवाने की मांग की है। बार ने बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनवाए जाने के साथ ही इज़्ज़तनगर और बहेड़ी के बीच रेल बस चलवाने की मांग भी की है।

बहेड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह राठी के नेतृत्व में बार का एक प्रतिनिधि मंडल देहली में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मिला। उन्होंने श्री प्रसाद के सामने बहेड़ी में सिविल कोर्ट के भवन के बनाए जाने का मुद्दा रखा। बताया कि 30 बरस से कोर्ट नगर पालिका के एक हाल में चल रहा है, और कोर्ट का अपना भवन होना बेहद ज़रूरी है। वकीलों ने बताया कि भवन के लिए जगह देख ली गई है, और उसके मालिक भूमि देने को सहमति पत्र भी दे चुके हैं। ज़िला जज के यहाँ यह प्रस्ताव जा चुका है। जिलाधिकारी के स्तर से ज़मीन का अधिग्रहण होना है। बार ने उनसे ज़मीन का अधिग्रहण जल्द करवाने की मांग की।

बार प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री से बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की। वकीलों ने बताया कि बहेड़ी से बरेली आने जाने की सवारियों की तादाद चल रही ट्रेनों के हिसाब से काफी ज़्यादा है। ट्रेनों में ज़बरदस्त भीड़ रहती है। वकीलों ने कहा कि अगर बहेड़ी और इज़्ज़तनगर के बीच रेल बस चलाई जाए, तो यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

वकीलों ने कहा कि ब्राडगेज होने के समय रेलवे ने बाघ एक्सप्रेस को बहेड़ी होकर चलाने का वायदा किया था श्री प्रसाद से बाघ एक्सप्रेस और ग़रीब रथ को वाया बहेड़ी चलवाने की मांग भी रखी। उन्होंने बताया कि काठगोदाम कानपुर ग़रीब रथ पहले वाया बहेड़ी चलता था, जिसको वाया रामपुर कर दिया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने वकीलों से इन मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री से मिलने वालों में बार अध्यक्ष के साथ महामंत्री दीप चंद्र पाण्डेय,कैशियर रविंद्र गंगवार,ललित शर्मा,कृष्ण अवतार शर्मा और मनोज जौहरी आदि वकील मुख्य थे।

### मीरगंज बार पदाधिकारियों का स्वागत



**मीरगंज, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान त्रिलोकचंद्र डिग्री कॉलेज पर सभागार में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लेकर नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। विधायक डा . डीसी वर्मा सहित कार्यक्रम में संतोष गंगवार की सुपुत्री श्रुति गंगवार, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, गन्ना समिति अध्यक्ष तेजपाल फौजी और भूमि विकास बैंक अध्यक्ष होरीलाल गंगवार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बार एसोसिएशन मीरगंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्प अर्पित कर और शॉल ओढ़ाकर बुके देकर स्वागत किया ।सम्मानित किए गए पदाधिकारियों में चौथी बार अध्यक्ष बने अशोक कुमार उपाध्याय, महासचिव हरीश कुमार लाखा, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सह सचिव प्रेमपाल मौर्य और ऑडिटर अरविंद कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष सतीश चंद्र, पूर्व महासचिव नवीन कुमार सिंह, रमेश सागर, अभय गंगवार, संजीव कुमार, अवनीश गंगवार तथा अरुण गंगवार सहित रईस अहमद, अनेक अधिवक्ता भी मौजूद थे ।अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय ने कहा कि पहला अवसर है जब नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित सभी अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया है। यह सम्मान नई टीम अधिवक्ताओं तथा वादकारियों के हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

